# रामकृष्ण मिशन आश्रम

मोराबादी, राँची 834008

www.rkmranchi.org, email: ranchi.morabadi@rkmm.org

## 56वीं वार्षिक ऑनलाइन/ऑफ़लाइन प्रतियोगिता - 2026-2027 नवीन एवं सशक्त भारत के निर्माण हेतु

## प्रतिभागियों के लिए दिशा-निर्देश

कक्षा V से XII तक के विद्यार्थियों, स्नातक (UG), स्नातकोत्तर (PG), शिक्षकों तथा झारखण्ड के सभी इच्छुक व्यक्तियों के लिए **नि:शुल्क** प्रश्नोत्तरी, सस्वर पाठ (Recitation) एवं निबंध-लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।

**उद्देश्य: i)** विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य प्रतिभागियों में स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणादायी, चरित्र-निर्माणकारी एवं राष्ट्र-निर्माणकारी संदेशों का संस्कार जागृत करना, जिससे वे आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं उत्तरदायी भारतवासी बन सकें।

ii) प्रतियोगिता का उद्देश्य नवीन भारत के संबंध में स्वामी विवेकानन्द के दृष्टिकोण का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।

1. प्रश्नोत्तरी (ऑनलाइन हिंदी और अंग्रेजी दोनों में): तीन समूह होंगे: (A) पुस्तक हिन्दी में "स्वामी विवेकानन्द की सरल जीवनी "और अंग्रेजी में "A Simple Life of Swami Vivekananda", छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और गणित पर आधारित **कक्षा 5 से 7**,

(B) पुस्तक : हिंदी में "**नया भारत गढ़ो**"/ अंग्रेजी में "**Rebuild India**" छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और गणित पर आधारित **कक्षा 8 से 12**,

(C) पुस्तक : हिंदी में " भारत और उसकी समस्याएँ "/ अंग्रेजी में "Swami Vivekananda on India and Her Problems" छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और गणित पर आधारित **स्नातक, स्नातकोत्तर, शिक्षकों एवं सभी के लिए खुली** प्रतियोगिता।

यह प्रतियोगिता रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, राँची द्वारा 6 दिसम्बर 2026 को राज्य स्तर पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

समय :- समूह "क"- प्रातः 10:00 बजे, समूह " ख"- प्रातः 11:00 बजे समूह, एवं समूह "ग" - दोपहर 12:00 बजे

2. सस्वर पाठ (केवल हिंदी में): **कक्षा 5 से 8**। पाठ का विषय : स्वामी विवेकानन्द का "स्वदेश मंत्र"। स्कूल/किसी भी संगठन स्तर पर पहली प्रतियोगिता (ऑफ लाइन) होगी इसके प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को जिला स्तर पर दूसरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। (ऑनलाइन/ऑफ लाइन मोड), जिला स्तर पर दूसरी प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को राज्य स्तर पर तीसरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। (ऑनलाइन)।

3. हस्तलिखित निबंध प्रतियोगिता : किसी भी शैक्षणिक संस्थान के **विद्यार्थी (UG & PG), शिक्षक एवं अन्य सभी के लिए।**

विषय : हिंदी में " भारत और उसकी समस्याएँ "/ अंग्रेजी में "Swami Vivekananda on India and Her Problems", निबंध का केंद्रीय विषय और उप-विषय उपर्युक्त पुस्तक के अध्यायों से लेना है। (इन पुस्तकों की सॉफ्ट कॉपी rkmranchi.org/competition पर उपलब्ध हैं)

प्रस्तुतीकरण की विधि**:** केवल स्कैन की गई **हस्तलिखित** प्रतियों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपनी भाषा में 800 से 1000 शब्दों में या A4 आकार के दो पृष्ठों में हिंदी / अंग्रेजी / संस्कृत / बंगला में लिखना है, तथा वेबसाइट (http://www.rkmranchi.org/competition) पर अपलोड करना है।

**पंजीकरण: आरंभ तिथि:1 अगस्त, 2026 समापन तिथि:30 नवंबर, 2026**

प्रतियोगिता**:** जिला स्तर: नवम्बर, 2026 के तीसरे एवं चौथे सप्ताह तक, राज्य स्तर: दिसंबर 2026 के द्वितीय सप्ताह में होगी

**अधिक जानकारी** पंजीकरण और अध्ययन सामग्री डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर जाएँ या QR कोड स्कैन करे :

http://www.rkmranchi.org/competitionऔर किसी भी प्रश्न के लिए: rkm.competition@gmail.com पर ईमेल करें ।

:9631912330, 9938223862, 9835158708 & 8789868541

(सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक)।

मुख्य विशेषताएं:

- सभी पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए **नि:शुल्क ऑनलाइन** पंजीकरण और ई-प्रमाणपत्र।
- सभी पुस्तकें भुगतान (छूट के साथ) पर केवल आश्रम बुकसेल (ईमेल: rkmbookstallranchi@gmail.com, 98351-58708) से ही उपलब्ध होंगी या www.rkmranchi.org/competition वेबसाइट से डाउनलोड भी की जा सकती हैं।
- विद्यालय-स्तर एवं जिला-स्तर पर केवल सस्वर पाठ प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्णय विद्यालय अथवा संबंधित जिला नोडल संगठन द्वारा किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर 1,00,000/- रुपये ( एक लाख रूपये मात्र ) प्रथम पुरस्कार (10,000/-), द्वितीय, तृतीय के अलावे पांच विजेताओं को सांत्वना पुरस्कारों के साथ-साथ स्मृति चिन्ह सहित उच्च गुणवत्ता का प्रमाण पत्र राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी 2027) पर किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- यह प्रतियोगिता केवल झारखंड के विद्यार्थी / आमजनों के है।

स्वामी भवेशानन्द

(सचिव)